**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 30.04.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

- **छत्तीसगढ़ विधानसभा के एकदिवसीय विशेष सत्र के दौरान आज महिला आरक्षण पर मुख्यमंत्री ने पेश किया शासकीय संकल्प।**
- **छत्तीसगढ़ में चल रही जनगणना प्रक्रिया के तहत कल से मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा।**
- **प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कल से "सुशासन तिहार" का आयोजन किया जाएगा।**
- **भारतमाला सड़क परियोजना से जुड़े मुआवजा घोटाले के सिलसिले में ईडी ने आज दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा और अंबिकापुर में एक साथ छापे की कार्रवाई की।**

## विधानसभा–विशेष सत्र–01

छत्तीसगढ़ विधानसभा के एकदिवसीय विषेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण पर पेश किए गए शासकीय संकल्प पर इस समय चर्चा जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संसद और विधानसभाओं में तैंतीस प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए शासकीय संकल्प पेश किया। इसमें कहा गया है कि – इस सदन का मत है कि नारी शक्ति के सम्मान और महिलाओं के समग्र विकास तथा सषक्तिकरण के उद्देष्य से देष की संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक–तिहाई आरक्षण और परिसीमन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रस्तुत अषासकीय संकल्प को खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री द्वारा पेष किए गए शासकीय संकल्प पर सदन में हुई चर्चा में विभिन्न सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। सत्तापक्ष की ओर से लता उसेंडी ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विपक्ष ने महिला आरक्षण पर रुकावट बनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या अनुपातिक रूप से नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष उन्नीस सौ बावन में बाईस महिला सांसद थीं, जबकि वर्तमान में यह संख्या चौहत्तर है। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य अनिला भेड़िया ने कहा कि कांग्रेस, महिला आरक्षण का समर्थन करती है। यह विधेयक वर्ष दो हजार तेईस में ही पारित हो चुका है, जिसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए।

## विधानसभा–विशेष सत्र–02

इससे पहले, सत्र की शुरुआत में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने सदन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व सदस्य जगेष्वर राम भगत और राज्यसभा की पूर्व सदस्य मोहसिना किदवई के निधन का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने इन दिवंगत हस्तियों के राजनीतिक और सामाजिक योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सुशासन तिहार

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कल से "सुषासन तिहार" का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुशासन तिहार के दौरान सरकार के मंत्री, विधायक और जिले के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में दस जून तक जनसमस्या निवारण षिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। साथ ही उनके विभिन्न मांगों पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। इन षिविरों में लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा और योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। सुशासन तिहार के दौरान विभिन्न दफ्तरों में पहले से लंबित मामलों का सबसे पहले निराकरण किया जाएगा। इसमें भूमि संबंधी मामलों, मनरेगा भुगतान, प्रमाण पत्र, बिजली और हैंडपंप से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

**जनगणना**

छत्तीसगढ़ में जनगणना – दो हजार सत्ताईस के तहत चल रहे स्व–गणना कार्य का आज अंतिम दिन है। स्व–गणना के तहत कोई भी नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल – "एस.ई. डॉट सी.ई.एन.एस.यू.एस. डॉट जीओवी डॉट इन" के माध्यम से स्वयं अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी दर्ज करा सकते हैं। स्व–गणना का कार्य प्रदेष में सोलह अप्रैल से शुरू हुआ था। वहीं, प्रदेष में कल एक मई से मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर–घर जाकर आवासीय और गैर–आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। इस दौरान आम नागरिकों से तैंतीस सवाल पूछे जाएंगे।

**ईडी–छापा**

भारतमाला सड़क परियोजना से जुड़े मुआवजा घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज तड़के दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा और अंबिकापुर में एक साथ छापे की कार्रवाई की। ईडी के अधिकारियों ने सुबह करीब चार बजे दुर्ग के महेश नगर स्थित रियल एस्टेट कारोबारी चतुर्भुज राठी के निवास और दफ्तर में छानबीन शुरू की। जांच के दौरान चतुर्भुज राठी की पांच फर्मों के डिजिटल रिकॉर्ड की तलाशी भी ली गई।

ईडी की टीम द्वारा भिलाई में गोविंद मंडल के घर और कारखाने में भी जांच की जा रही है। वहीं, बिलासपुर के सराफा कारोबारी विवेक अग्रवाल के घर और सदर बाजार स्थित आभूषण प्रतिष्ठान में भी ईडी के दस से ज्यादा अधिकारियों ने आज सुबह छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया था। गौरतलब है कि दो दिन पहले ईडी के अधिकारियों ने कुरूद और धमतरी में भी भारतमाला सड़क परियोजना के मुआवजे के मामले में चार लोगों के दस`से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**अग्निवीर भर्ती–आवेदन**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के निःषुल्क प्रषिक्षण के लिए पंजीयन का आज अंतिम दिन है। अभ्यर्थी रोजगार विभाग के आधिकारिक वेबपोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्षन केंद्र, रायपुर द्वारा अभ्यर्थियों को निःषुल्क प्रषिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रषिक्षण चार मई से शुरू होकर चार जून तक चलेगा। इस दौरान विषय विषेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को निःषुल्क कोचिंग दी जाएगी।

**तेंदूपत्ता संग्रहण–आवश्यक सेवाएं**

राज्य सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े सभी कार्यों को आवश्यक सेवाएं घोषित कर दिया है। इसके तहत तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य से जुड़े सभी कर्मचारी और प्रबंधक अत्यावश्यक सेवाओं के अंतर्गत माने जाएंगे। साथ ही कोई भी कर्मचारी या प्रबंधक अपने सौंपे गए कार्य से इंकार नहीं कर सकेगा। यह आदेश राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से अगले तीन महीने तक लागू रहेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बस्तर क्षेत्र में कल से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस बीच, तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य को निर्बाध गति से जारी रखने के लिए यह आदेश जारी किया है।

**जनजातीय सलाहकार परिषद–बैठक**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में आयोजित छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि "धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना" के तहत प्रदेष के छह हजार छह सौ गांवों में षिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। जबकि, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत बत्तीस हजार आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने "नियद नेल्लानार टू प्वाइंट जीरो" को जल्द लागू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस उन्नत पहल के माध्यम से सुदूर अंचलों में बिजली, पानी, सड़क और राषन जैसी मूलभूत सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही "मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर योजना" के तहत छत्तीस लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कोरवा और संसारी उरांव जातियों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किए जाने के प्रस्ताव को जल्द केंद्र सरकार को भेजने के निर्देष दिए।

**ज्ञानेश्वरी यादव–स्वर्ण पदक**

प्रदेश की भारतोत्लन खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने अंतर्राष्ट्रीय आईबीएफसी यूनिवर्सल कप टूर्नामेंट के तिरेपन किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। समोआ के एपिया में पच्चीस अप्रैल से चल रही इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सत्तर देशों के करीब पांच सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय कश्मीर से ओडिशा तक एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। वहीं, उत्तरप्रदेश के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा भी मौजूद है। इन दोनों के असर से प्रदेश में एक–दो स्थानों पर अंधड़ के साथ हल्की बूंदाबांदी होने के आसार हैं। वहीं, आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बदलाव के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में भी कमी आ सकती है।

इस बीच, गरियाबंद जिले के इंदागांव, उदंती और जुगाड़ क्षेत्र में आज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। वहीं, जशपुर जिले के बगीचा इलाके में भी गरज–चमक के साथ आलोवृष्टि होने के समाचार मिले हैं।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– कल बुद्ध पूर्णिमा है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि भगवान बुद्ध ने प्रेम, करूणा और अहिंसा की भावना से पूरे विश्व को नई राह दिखाई।

– कल अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में श्रमिकों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

– भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा द्वारा अब से कुछ देर बाद रायपुर में मशाल रैली निकाली जाएगी। यह रैली एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय से शुरू होकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर संपन्न होगी।

– वस्तु और सेवा कर–जीएसटी के अपीलीय न्यायाधिकरण की रायपुर बेंच ने अपना कामकाज शुरू कर दिया है। इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। रायपुर बेंच का अस्थायी कार्यालय नवा रायपुर के सेक्टर–उन्नीस में स्थित जीएसटी भवन में स्थापित किया गया है।

– ओडिषा में कल शाम भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका असर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद समेत सीमावर्ती इलाकों में भी देखा गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर चार दशमलव एक मापी गई है।

**संक्षिप्त समाचार–02**

– कोंडागांव जिले के विभिन्न गांवों में कल से बस्तर मुन्ने शिविर का आयोजन किया जाएगा।

– रायपुर के सड्ढू इलाके में संचालित एक प्लास्टिक कारखाने में आज आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल अग्निशमन का दल मौके पर पहुंच गया था। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>